झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – ..64.. / 2023

एतद् द्वारा वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ के माध्यम से ऑनलाइन भराया जाएगा। वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए नियमित/स्वतंत्र/पूववर्त्ती छात्र/छात्रा तथा सम्मुन्नत परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :–

	ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने तथा चालान जेनरेट करने की तिथि	बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि
विलम्ब शुल्क रहित	28.11.2023 से 12.12.2023 तक	14.12.2023 तक
विलम्ब शुल्क सहित	13.12.2023 से 20.12.2023 तक	22.12.2023 तक

+2 विद्यालय/महाविद्यालय को उपलब्ध कराये गए User ID एवं Password का उपयोग कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र Online भरा जा सकेगा।

परिषद् के उक्त वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित किया जाए। वेबसाइट पर परीक्षा प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान को निदेश दिया जाता है कि उक्त प्रपत्र को सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर लिया जाय ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातब्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

नोट : वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होनेवाले नियमित/स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र में अंकित की जानेवाली पंजीयन संख्या +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान स्वयं भरेंगे। पंजीयन संख्या पोर्टल पर उपलब्ध चेकलिस्ट में अंकित होगा।

JAC/ जी0 3895/23/Secy - 929/23
dt - 25-11-2023
D.o.P. 26-11-2023

अध्यक्ष के आदेश से,

(एस0 डी0 तिग्गा)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।